# CBSE Class 7 Social Science Important Questions Civics Chapter 7 हमारे आस-पास के बाज़ार

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
लोग बाजार क्यों जाते हैं?
उत्तर:
लोग रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वस्तुएँ खरीदने के लिए बाजार जाते हैं।

प्रश्न 2.
बाजारों के किन्हीं दो प्रकारों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- साप्ताहिक बाजार
- मौहल्ले की दुकानें।

प्रश्न 3.
साप्ताहिक बाजार के कोई दो लाभ बताइए।
उत्तर:

- साप्ताहिक बाजारों में बहुत सी चीजें सस्ते दामों पर मिल जाती हैं।
- यहाँ जरूरत का सभी सामान एक ही जगह पर मिल जाता है।

प्रश्न 4.
मौहल्ले में कौन-कौन सी दुकानें मिलती हैं? (किन्हीं चार के नाम लिखिए।)
उत्तर:

- दूध की डेयरी
- सब्जी की दुकान
- फलों की दुकान
- किराना की दुकान।

प्रश्न 5.
पड़ौस की दुकानें किन अर्थों में उपयोगी होती हैं? (कोई दो)
उत्तर:

- पड़ोस की दुकानें हमारे घरों के करीब होती हैं।

- यहाँ से हम सप्ताह के किसी भी दिन और किसी भी समय सामान खरीद सकते हैं।

प्रश्न 6.
ब्रांडेड सामान केवल कुछ ही लोग खरीद पाते हैं?
उत्तर:
ब्रांडेड सामान महँगे होते हैं। इनकी कीमत का बोझ केवल कुछ ही लोग उठा पाते हैं।

प्रश्न 7.
व्यापारी कौन होता है?
उत्तर:
वे लोग, जो वस्तु के उत्पादक और वस्तु के उपभोक्ता के बीच में होते हैं, व्यापारी कहलाते हैं।

प्रश्न 8.
किन्हीं दो प्रकार के व्यापारियों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- थोक व्यापारी
- फुटकर व्यापारी।

प्रश्न 9.
थोक व्यापारी से क्या आशय है?
उत्तर:
थोक व्यापारी वह है जो बड़ी मात्रा में माल खरीदता है तथा उसे छोटे व्यापारी को बेचता है।

प्रश्न 10.
फुटकर व्यापारी से क्या आशय है?
उत्तर:
फुटकर व्यापारी वह है जो अन्ततः अपनी वस्तुएँ उपभोक्ता को बेचता है।

प्रश्न 11.
हम किन बाजारों के खरीदार या दुकानदार होंगे, कैसे तय करते हैं?
उत्तर:
मुख्यतः हमारी आर्थिक स्थिति ही यह तय करती है कि हम किन बाजारों में खरीदार या दुकानदार होंगे।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
साप्ताहिक बाजार किसे कहते हैं? इसकी विशेषताएँ लिखिए।
उत्तर:
वह बाजार जो सप्ताह के किसी एक निश्चित दिन लगता है, साप्ताहिक बाजार कहलाता है। इस साप्ताहिक बाजार में पक्की दुकानें नहीं होती हैं। व्यापारी दिन में दुकान लगाते हैं और शाम होने पर उन्हें समेट लेते हैं। अगले दिन वे अपनी दुकानें किसी और जगह पर लगाते हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 2.
पक्की दुकानों से मिलने वाला सामान साप्ताहिक बाजारों की तुलना में महँगा क्यों होता है?
उत्तर:
पक्की दुकानों पर सामान महँगा होता है क्योंकि-

- पक्की दुकानों के दुकानदारों को कई तरह के खर्चे जोड़ने होते हैं, जैसे-दुकानों का किराया, बिजली का बिल, सरकारी शुल्क आदि।
- इन दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों का वेतन भी इन्हीं खर्चों में जोड़ना होता है।
- सामान्यतः यहाँ दुकानदारों में प्रतियोगिता का अभाव होता है। दूसरी तरफ साप्ताहिक बाजार के दुकानदारों को उक्त खर्च नहीं करने पड़ते हैं तथा आपसी प्रतियोगिता भी होती है, इससे उनका माल पक्की दुकानों की तुलना में सस्ता होता है।

प्रश्न 3.
पड़ोस की दुकानों का महत्त्व बताइए।
उत्तर:
पड़ोस की दुकानों का महत्त्व-

- पड़ोस की दुकानें हमारे घर के पास होती हैं।
- ये सप्ताह के लगभग सभी दिन खुलती हैं।
- यहाँ किसी भी समय जाकर माल खरीदा जा सकता है।
- इन दुकानों के दुकानदार प्रायः खरीदारों से परिचित होते हैं।
- इन दुकानों में प्रायः उधार की सुविधा भी उपलब्ध होती है।